# डोक्टोरल रिसर्च कॉन्फ्रेंस 2025

## आईआईएम में डॉक्टोरल रिसर्च कॉन्फ्रेंस, 300 से अधिक शोध लेख प्रस्तुत किए



सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची ने दो दिवसीय डॉक्टोरल रिसर्च कॉन्फ्रेंस के दूसरे संस्करण का आयोजन किया। सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. कुमार सौरव ने बताया कि इस वर्ष 300 से अधिक शोध लेख प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 10 शोध पत्रों को मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद प्रस्तुति के लिए चुना गया। मुख्य वक्ता आईएसबी सेंटर फॉर बिजनेस इनोवेशन एंड ईएफपीएम के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर राजेंद्र श्रीवास्तव ने "बिजनेस इनोवेशन के माध्यम से विकास को गति देना' विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने अग्रणी वैश्विक कंपनियों के उद्योग उदाहरणों का उपयोग करके नवाचार, मूल्य निर्माण और रणनीतिक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान डीआरसी 2025 के लिए सार-पुस्तिका का आधिकारिक तौर पर विमोचन किया गया। साथ ही संस्थान की अनुसंधान एवं प्रकाशन वार्षिक रिपोर्ट का भी अनावरण किया गया। निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने शोध के महत्व पर जोर दिया। कहा शोध न केवल अकादमिक ज्ञान में योगदान देता है बल्कि व्यापक सामाजिक जरूरतों को भी पूरा करता है।

Dainik Bhaskar_14.06.2025_P. 06

## आइआइएम रांची में डॉक्टोरल रिसर्च कॉन्फ्रेंस शुरू

**रांची.** आइआइएम रांची में गुरुवार को डॉक्टोरल रिसर्च कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हुई. दो दिवसीय इस सम्मेलन का उद्देश्य पीएचडी शोधार्थियों को उनके कार्य को प्रस्तुत करने, उस पर चर्चा करने और रचनात्मक सुझाव प्राप्त करने के लिए मंच प्रदान करना है. कॉन्फ्रेंस के चेयरपर्सन प्रो कुमार सौरभ ने बताया कि इस वर्ष 300 से अधिक शोध-पत्रों की प्रविष्टियां प्राप्त हुईं. इनमें से 10 शोध-पत्रों को मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद प्रस्तुतिकरण के लिए चयनित किया गया.

Prabhat Khabar_13.06.2025_P. 7